वर्ष-01, अंक- 317

छपरा

20 सितम्बर शुक्रवार 2024

पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live


**पीएम बोले:** कांग्रेस-एनसी के घोषणापत्र से पाकिस्तान खुश

# दुनिया की कोई ताकत 370 की वापसी नहीं करवा सकती:पीएम मोदी



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर कांग्रेस, नेशनल कान्फ्रेंस और पीडीपी पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने सबसे पहले पहले चरण के मतदान में बंपर मतदान के लिए जम्मू-कश्मीर के लोगों को बधाई दी और आशा जताई कि आगे भी जनता बंपर वोटिंग से केंद्रशासित प्रदेश का भाग्य बदलेगी।उन्होंने कहा कि जब मैं पिछली बार आया था तब कहा था कि जम्मू-कश्मीर को बर्बाद करने में तीन खानदान जिम्मेदार हैं। तब से दिल्ली से लेकर जम्मू-कश्मीर तक भड़के हुए हैं। इन तीन खानदानों को लगता है कि जैसे-तैसे कुर्सी पर कब्जा जमाना और आप सबको लूटना। ये इनका पैदाइशी हक है। जम्मू-कश्मीर की आवाम को उनके जायज हक से महरूम रखना ही इनका सियासी एजेंडा रहा है। इन्होंने जम्मू-कश्मीर को सिर्फ डर और अराजकता ही दी है लेकिन, अब जम्मू-कश्मीर इन तीन खानदानों के शिकंजे में रहने वाला नहीं है। श्रीनगर में एक रैली में पीएम मोदी ने कहा, जम्मू-कश्मीर के लोग भारत के लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं। बंपर मतदान इसकी बानगी है। आज यहां का नौजवान इन तीन खानदानों को चैलेंज कर रहा है। इन्होंने नौजवानों को आगे नहीं बढ़ने दिया। वहीं, अब ये नौजवान इनके खिलाफ मैदान में उतर आए हैं। इन तीन खानदानों के राज में जम्मू-कश्मीर के नौजवानों ने भोगा है, तकलीफ सही है। वह अक्सर बाहर नहीं आ पाया। आज घाटी का नौजवान जो 20-25 30 साल का है। उनमें से कई पढ़ाई-लिखाई से महरूम रह गए। बहुत से ऐसे हैं जिन्हें दसवीं, 12वीं या कॉलेज में पहुंचने में देश के अन्य नौजवानों से ज्यादा समय लगा। यह इसलिए हुआ क्योंकि कांग्रेस, एनसी और पीडीपी के तीन खानदान फेल हुए थे। पीएम मोदी ने आगे कहा, इन तीन खानदानों ने अपनी सियासी दुकान चलाने के लिए नफरत का सामान बेचा। कश्मीर में स्कूल जलाए गए। जो स्कूल भी थे, वो आग के हवाले करने वालों को शह देते थे। जो स्कूल-कॉलेज बच गए, वहां भी कई महीनों तक पढ़ाई नहीं हो पाती थी। हमारे नौजवान पढाई से दूर थे। और ये तीन खानदान उनके हाथों में पत्थर थमाकर खुश रहते थे। इन लोगों ने अपने फायदे के लिए हमारे बच्चों का फ्यूचर, उनका मुस्तकबिल बर्बाद किया है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि यह पहली बार हुआ है जब बिना दहशतगर्दी के जम्मू-कश्मीर में चुनाव हुए हैं। पहले यहां ऐसे हालात थे कि शाम पांच बजे घर से निकलना भी मुश्किल था लेकिन, आज जम्मू-कश्मीर में हमने भयमुक्त माहौल बनाया है।

उन्होंने कहा कि मैं देख रहा हूं कि आज कश्मीरी भाई-बहन खुशामदीद प्रधानमंत्री कह रहे हैं, मैं उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

## एनडीए के बिहारी साथियों को एक देश एक चुनाव स्वीकार

### चिराग पासवान,जीतन राम मांझी और नीतिश कुमार का मिल गया साथ

**पटना (एजेंसी)।** एक देश एक चुनाव पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। खास बात है कि केंद्र सरकार के इस फैसले का चुनाव बिहार में ह्ष्ठ यानी नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथी दलों ने भी किया है। कहा जा रहा है कि यह पहला मौका है जब बिहार के साथी दल और भारतीय जनता पार्टी के सुर किसी मुद्दे पर एक हुए हैं। दरअसल, इससे पहले जनता दल (यूनाइटेड) और लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) की लेटरल एंट्री और वक्फ बोर्ड बिल के मामले में राय अलग थी। वन नेशन वन इलेक्शन के मुद्दे पर जेडीयू, लोजपा (र) और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) कैबनेट के प्रस्ताव का समर्थन करते नजर आ रहे हैं। इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में जेडीयू के सलाहकार केसी त्यागी ने बताया, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सालों पहले ही एक देश एक चुनाव को लेकर अपना समर्थन जाहिर कर दिया था। यह हमारे जैसे कम इलेक्शन फंड वाले छोटे दलों के लिए मददगार होगा। पार्टी प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा जैसे हमारे वरिष्ठ नेताओं ने रामनाथ कोविंद कमेटी के सामने अपना मत रखा था। यह स्वागतयोग्य कदम है। जो लोग इसकी आलोचना कर रहे हैं, उन्हें याद रखना चाहिए कि हमने 1967 तक एक देश एक चुनाव का पालन किया था। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने इसे ऐतिहासिक कदम करार दिया है। उन्होंने लिखा, एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को मंजूरी देकर केंद्रीय कैबिनेट ने आज देशहित में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। एक देश, एक चुनाव देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और सशक्त बनाएगा, चुनावी खर्च कम करेगा और विकास कार्यों में तेजी लाएगा। उन्होंने आगे लिखा, साथ ही, चुनावों में पारदर्शिता बढ़ेगी और सरकारी कोष पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ कम होगा। चुनावों में सुरक्षा की दृष्टिकोण से पारा मिलिट्री फोर्स, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका को भी सरल बनाएगा।

भाजपा के हरियाणा चुनाव संकल्प पत्र में 20 वादे

# अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी, महिलाओं को 2100 महीने, यह कांग्रेस से 100 रुपए ज्यादा



**रोहतक (एजेंसी)।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को हरियाणा चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। संकल्प पत्र में अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी दी गई है। महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए देने का वादा किया है। यह राशि कांग्रेस के कल जारी घोषणा पत्र से 100 रुपए ज्यादा है। इसमें 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने जैसी 20 बाते हैं। रोहतक में संकल्प पत्र जारी करते हुए नड्डा ने कहा कि अस्पतालों में डायलिसिस फ्री होगा और चिरायु आयुष्मान योजना में 10 लाख तक इलाज मुफ्त हो सकेगा। नड्डा ने कहा कि BJP ने 20 संकल्प रखे हैं। हरियाणा के विकास को नॉन स्टॉप रखने के लिए सिग्नल आपको डाउन करना है। वह किसका करना है, ये आपको तय करना है। इस प्रोग्राम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया, हरियाणा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के अलावा बड़े नेता मौजूद थे। जेपी नड्?डा ने कहा हरियाणा की छवि 10 साल पहले क्या थी?। पहले हरियाणा में नौकरी के लिए पर्ची-खर्ची चलती थी। नौकरी के कारण लोगों को सजाएं तक हुई। हरियाणा जमीनों के घोटाले के लिए जाना जाता था। उनका रियल मेनिफेस्टो ये था कि जमीन का घोटाला। किसानों की जमीन को हड़पना। उनकी जमीन की श्रेणी को बदलना। मेनिफेस्टो को विरोधियों ने डायल्यूटेड बना दिया। भाजपा के लिए संकल्प पत्र सीरियस डाक्यूमेंट है। हम जो कहते हैं, वही करते हैं। इससे आपको साफ दिखेगा कि हरियाणा बदला है। हरियाणा का एक्सपोर्ट दस साल में 68 हजार करोड़ से बढ़कर ढाई लाख करोड़ से ज्यादा का हो चुका है। पहले 7 मेडिकल कॉलेज होते थे, जो आज 15 हो चुके हैं। पहले मेडिकल कॉलेज में MBBS की 700 की सीटें थी, जो आज 2 हजार से ज्यादा हैं। 10 साल पहले 500 गांवों में बिजली थी, आज 5800 गांवों में बिजली पहुंच चुकी है। यहां किसान की चर्चा बहुत होती है। कांग्रेस में ऐसे-ऐसे नेता हैं, जो किसानों की बात करते हैं, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि पहले किसानों को मुआवजे में 1-2 रुपए के चेक मिलते थे। आज सरकार किसानों को लाखों रुपए दे रही है। किसानों को पहले प्रति एकड़ 6 हजार रुपए मुआवजा मिलता था, लेकिन अब 15 हजार रुपए कर दिया था। किसानों को पहले 8 फसलों पर एमएसपी देते थे, लेकिन आज 24 फसलों पर दे रहे हैं।

## ग्रामीणों के घरों को होटल की तरह विकसित कराएगी सरकार

### 15 लाख तक का लोन बिना ब्याज के मिलेगा, पर्यटकों को गांव में ठहराने के लिए पहल



**पटना,एजेन्सी।** पर्यटन विभाग की तरफ से बुधवार को होम स्टे और बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना की शुरुआत की गई । पर्यटन व उद्योग विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने इसे लॉन्च किया। पहले फेज में इसकी शुरुआत 15 जिलों में की गई है। इन जिलों में पड़ने वाले 29 पर्यटन स्थल के आसपास के ग्रामीणों को इस योजना का लाभ मिलेगा। पहले चरण में विभाग का लक्ष्य राज्य के 1000 कमरों को विकसित करने का है। इसके तहत ग्रामीणों को पर्यटकों को घर में ठहराने और होटल की तरह एक तय रेट वसूलने का अधिकार उन्हें दिया जाएगा। शर्त बस इतना है कि जिस घर में मकान मालिक रह रहे हैं। उसी घर को उन्हें होम स्टे के रूप में विकसित करना होगा।

**5 साल तक पर्यटन विभाग ब्याज देगा :**मकान मालिक एक से 6 कमरे को होम स्टे के रूप में विकसित कर सकते हैं। शहरी क्षेत्र में पर्यटन स्थल से 5 किलोमीटर और ग्रमीण क्षेत्रों में 10यरूके दायरे के घर को इस योजना में शामिल किया जाएगा। घर के कमरों को पर्यटक की सुविधा के रूप में विकसित करने के लिए सरकार की तरफ से मकान मालिक बैंक से लोन दिलाया जाएगा। एक कमरे को विकसित करने के लिए 2.5 लाख रुपए तक के लोन का प्रावधान किया गया है। 6 कमरे को विकसित करने के लिए सरकार 15 लाख तक का लोन मुहैया कराएगी।

# सारंडा जंगल मे नक्सलियों ने आईईडी किया ब्लास्ट, सीआरपीएफ जवान घायल

### एयर लिफ्ट कर लाया गया रांची, राज अस्पताल में चल रहा इलाज,सर्च ऑपरेशन के दौरान हादसा



**चाईबासा,एजेन्सी।** जिले के सारंडा जंगल में गुरुवार की सुबह नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया है. इस घटना में सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया है. जवान को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया है, जहां उनकी स्थिति स्थिर बतायी जा रही है. जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनल, अनमोल, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन अपने दस्ता के सदस्यों के साथ सारंडा के कोल्हान क्षेत्र में भ्रमणशील है. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों के जवानों ने छोटानागरा एवं जराईकेला थाना के सीमावर्ती जंगली क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान प्रारंभ किया. अभियान के दौरान नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के जवानों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आईईडी लगाया था. जिसकी चपेट में आने से सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया.

**नक्सलियों के खिलाफ जारी है अभियान :**नक्सली नेता मिसिर बेसरा, मोछू, अनल, अनमोल, अशिवन, पिंटू लोहरा, चंदन लोहार, अमित हांसदा उर्फ अपटन समेत अन्य के सारंडा और कोल्हान जंगल में होने की खबर पर सारंडा जंगल की घेराबंदी कर दी गयी है. जवानों ने सारंडा में छोटानागरा थाना क्षेत्र के छोटानागरा, कोलाइबुरु, हतनाबुरु, मांगपोंगा, उसरुईया, बालिबा, कुदलीबाद, होलोंगउली, थोलकोबाद तथा जराईकेला थाना क्षेत्र के तिरिलपोसी, दीघा, सागजुडी आदि इलाकों के जंगल और पहाड़ को घेर दिया है. सूचना है कि नक्सली बालिबा, होलोंगउली, बाबूडेरा आदि क्षेत्र के जंगलों में छिपे हैं. बता दें कि नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों लगातार अभियान चला रहे हैं. इस अभियान में कई नक्सली मारे गये. वहीं कई गिरफ्तार भी हुए हैं. इस दौरान सुरक्षा बलों ने सैकड़ों आईडी को बरामद कर नष्ट भी किया है ।

### लेबनान में दहशत, मोबाइल तक नहीं छू रहे लोग पेजर,वॉकी-टॉकी धमाकों से पूरे देश में भय का माहौल

**बेरूत (एजेंसी)।** लेबनान में पेजर, वॉकी-टॉकी के बाद अब सोलर एनर्जी सिस्टम में धमाके हुए हैं। पिछले 2 दिन में धमाकों के तीन पैटर्न में 32 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 3500 से ज्यादा घायल हैं। इन धमाकों के बाद लोग मोबाइल फोन छूने से डर रहे हैं। वहीं हिजबुल्लाह ने अपने लड़ाकों को हिदायत दी है कि वे अपने फोन की बैटरी निकालकर फेंक दें। लेबनान में ईरान के समर्थन वाले हिजबुल्लाह संगठन के लड़ाके इजराइली हैकिंग से बचने के लिए मोबाइल फोन की जगह पेजर और वॉकी-टॉकी का इस्तेमाल करते हैं। वहीं, राजधानी बेरूत में बड़ी संख्या में घरों पर सोलर सिस्टम लगे हुए हैं। हिजबुल्लाह ने इन हमलों का आरोप इजराइल पर लगाया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने शुक्रवार को इस मामले में आपात बैठक बुलाई है। लेबनान की राजधानी बेरूत में रफीक हरीरी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पैसेंजर्स के वॉकी-टॉकी और पेजर्स ले जाने पर बैन लगा दिया गया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने ये आदेश जारी किया है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल में दो मिसाइलें दागीं। इसमें 8 इजराइली सैनिक घायल हो गए हैं। इनमें 2 की हालत गंभीर है। लेबनान में हमलों के बीच इजराइली ने अपने कई सैनिकों को गाजा से नॉर्दर्न बॉर्डर शिफ्ट किया है। अलजजीरा के मुताबिक, इजराइल के नॉर्दर्न कमांड के मेजर-जनरल ओरी गोर्डिन ने कहा, 卐हमारा मिशन साफ है। हम सुरक्षा की स्थिति को बदलने के लिए तैयार हैं। मिलिट्री ने बताया कि उन्होंने इसी हफ्ते इजराइल की उत्तरी सीमा पर युद्धाभ्यास भी किया था।

## अपने ही अधिकारियों पर ऐक्शन लेने की तैयारी में सरकार

### स्पेशल फाउंडेशन कोर्स पूरा नहीं करने वाले 203 आईपीएस मिली चेतावनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र ने राज्यों को उन 203 आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है जिन्होंने स्पेशल फाउंडेशन कोर्स पूरा नहीं किया है। हैदराबाद के तेलंगाना के डॉ एमसीआर एचआरडी संस्थान में स्पेशल फाउंडेशन कोर्स में भाग नहीं लेने पर इनके खिलाफ एक्शन की तैयारी चल रही है। सेक्रेटरी डीके घोष ने राज्यों को चिट्ठी लिख कर यह कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। गौरतलब है कि पिछले बैचों के 203 आईपीएस अधिकारियों को शामिल करने के बाद ऐसे कुल 443 अधिकारी हैं। आंकड़ों के मुताबिक आईपीएस अधिकारियों में 2020 और पहले के बैचों के लगभग 93 अन्य सेवाओं के अधिकारी भी हैं और 2021, 2022, 2023 और 2024 बैचों के 350 अधिकारी हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक 17 सितंबर को राज्य के मुख्य सचिवों और डीजीपी को लिखी चिट्ठी में सचिव डी के घोष ने कहा, जैसा कि केंद्र सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (DoPT) द्वारा सूचित किया गया है, 2022 बैच तक के बैकलॉग अधिकारियों के लिए कॉमन फाउंडेशन कोर्स के अलावा एक विशेष फाउंडेशन कोर्स आयोजित किया गया था। इस संबंध में यह सूचित किया जाता है कि इस मंत्रालय के पास उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार, 2018 से 2022 बैच के कुल 203 सीधी भर्ती वाले आईपीएस बैकलॉग अधिकारियों ने अभी तक अपना फाउंडेशन कोर्स नहीं किया है। घोष के मुताबिक भारतीय पुलिस सेवा (प्रोबेशन) नियम 1954 के अनुसार अगर कोई प्रोबेशनर केंद्र सरकार या किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त किसी आदेश का पालन नहीं करता है या यदि केंद्र सरकार की राय में, उसने जानबूझकर अपने प्रोबेशन स्टडी की उपेक्षा की है या अपनी सर्विस के सदस्य के अनुचित आचरण का दोषी है, तो उसके खिलाफ आईपीएस (प्रोबेशन) नियम, 1954 के नियम 11 (3) और 12 (सी) और (डी) के तहत कार्रवाई की जा सकती है। मुख्य सचिव ने कहा, यह सूचित किया जाता है कि जो अधिकारी फाउंडेशन कोर्स में शामिल नहीं हुए हैं जिन्हें कोर्स के लिए नामित किया गया है, उनके खिलाफ भारतीय पुलिस सेवा (प्रोबेशन) नियम, 1954 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।÷ उन्होंने कहा कि कोर्स के विवरण उन्हें भेजे जाएंगे।




# सोनपुर मे नाव पलटने से अफरातफरी के माहौल में दो लोग जख्मी, लापता लोगों की खोजबीन जारी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** गंगा व गंडक नदी के जल स्तर मे लगातार तीन दिनों से वृद्धि होने के कारण गंगा नदी की किनारे बसे गांव के लोगों को आवागमन के लेकर लोगों को काफी परेशानी हो रही है। बाढ़ के जलस्तर मे वृद्धि के कारण निचले इलाके के लोगो के खेतो व घरो मे पानी के प्रवेश करने के कारण अवगमन मे कठिनाई हो रही है। इस समस्याओं से परेशान लोगो ने घर से निकलकर समान खरीदने गोला बजार सोनपुर गुरुवार के शाम गया हुआ था जब समान खरीद कर नाव पर सवार दर्जनो लोग जब घर के लिए जा रहा था। इसी बीच जहांगीरपुर पंचायत के जैतीया फिटर के सामने जैसे ही नाविको की नाव खेवने वाली लग्गी से पानी में डूबे हुए बिजली के खंभे से लग्गी के टकरा जाने के कारण लग्गी मे करेंट प्रवाहित होने लगा। जिससे नाव पर सवार लोगों में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। जिसमें करंट के चपेट में आने से दो लोग घायल हो गए। घायल व्यक्ति मे भूषण राय, कमेशर राय बताए गए है। इस घटना के बाद से नाव पर सवार लोगों में अफरा तफरी का माहौल हो जाने से नाव पर सवार लोगो ने अपनी जान बचाने के उद्देश्य से नाव से कुछ लोग कूद गये। जिसके कारण नाव अनियंत्रित होकर नाव पलट गई। नाव पर सवार घायल लोगों ने ग्रामीणों को बताया कि नाव पर आधे दर्जन से अधिक लोग



नाव पर सवार थे। इस घटना की जानकारी मिलते हुए सोनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सोनपुर थाना अध्यक्ष सहित अन्य विभागीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तहकीकात करने में जुट गई और डूबे हुए व्यक्ति के खोज में ग्रामीण जुट गए हैं। इस घटना में गंगाजल पंचायत के ग्रामीण लोग है। उक्त बात की जानकारी देते हुए समाजसेवी कन्हैया मुकुंद, धर्मेंद्र राय पूर्व मुखिया,गंगाजल समिति सदस्य प्रतिनिधि अनिल शर्मा ने बताया कि गंगा और गंडक के जल स्तर में वृद्धि होने के कारण सबलपुर चारों पंचायत नजरमीरा गंगाजल, भरपुरा, कसमर, खरिका सहित अन्य पंचायत जो गंगा और गंडक नदी के किनारे बसे गांव के लोग बाढ़ के चपेट में आने से लोगों को आवागमन की काफी परेशानी हो रही है। खेत में लगे सभी फसल बर्बाद हो गए है।पशुओं के चारा सही से नहीं मिल रही है। सरकारी नाव जो प्रशासन के द्वारा मुहैया कराया गया है वह काफी कम है जिसके कारण नाव पर अधिक लोग सवार हो गए थे जिसके कारण यह दर्दनाक घटना हुई है। नाव पर सवार कितने लोग थे और कौन कौन थे यह जानकारी नहीं मिल पा रही है लेकिन नाव पर सवार गंगाजल पंचायत के लोग ही थे। जिनके घर के परिवार पर नहीं लौटे हैं उसके घर के परिवार की खोजबीन भी शुरू हो गई है।

## गंडक नदी के कटाव स्थल पर विभाग द्वारा रक्षात्मक, कार्रवाई



**दैनिक खोज खबर/मकेर( सारण)।** प्रखण्ड के सीमावर्ती गांव लगुनिया ,बैकुंठपुर, हैजलपुर गंडक नदी के समीप नदी की धारा गांव की तरफ हो गयी थी, जिसको लेकर ग्रामीण चिंतित थे।इसकी सूचना मिलते ही जल संसाधन विभाग के एसडीओ ने स्थल का मुआयना किया था ,आज धारा को रोकने हेतु रक्षात्मक करवाई की गई है जिससे ग्रामीण खुश हैं।सारण सांसद राजीव प्रताप रुडी ने एक पत्र जल संसाधन विभाग एवम सारण जिला अधिकारी को प्रेषित किया है। जिसमे उन्होंने बताया था है कि इन जगहों पर विभाग शीघ्र ही कारवाई नही करेगी तो ये सभी गांव गंडक नदी में विलीन हो जाएंगे। जल संसाधन विभाग के एसी दिनेश कुमार, एसडीओ विजय कुमार ,विनोद कुमार जेई अनूप शेखर पंचायत के मुखिया अनिल कुमार सिंह, अजय राम, मुरारी सिंह, लालबाबू सिंह, मिठू सिंह, सनी सिंह, सुमित कुमार सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने सुरक्षात्मक कारवाई को देखा एवम सहयोग दिया।मालूम हो कि पिछले दिनों ग्रामीणों द्वारा मीडिया के समक्ष उठाया था ,बाद में विभाग द्वारा पहल किया गया है जिससे ग्रामीण राहत की महसूस कर रहे हैं।

## ओलिंपिक के तर्ज पर मशाल जुलुस के बाद खिलाड़ियों ने दिखाया अपना प्रतिभा, किया गया सम्मानित



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहर क्षेत्र प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के आयोजन तीन दिवसीय किया गया जिसमे मेडिकल कैंप लगाकर निशुल्क लोगों की जांच कर दवा उपलब्ध कराने, कराटे चैंपियनशिप, विलेज ओलंपिक,, बच्चे और बच्चियों के 100 से 800 मीटर की दौड़,रिले दर जैवलिन थ्री,गोला फेक, डिस्कस थ्रो जैसे प्रतियोगिता का आयोजन में करीब 200छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम,द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल 75 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम के उपरांत युवाओं को जागरुक कर उन्हें वाहन अधिनियम के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहां गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। वाहन चलाने के समय ट्रिपल लोडिंग कर यात्रा नहीं करे,लहरिया कट गाड़ी नहीं चलाएं जैसे अनेक वाहन के परिचालन करने के दौरान वाहन अधिनियम के दुरूपयोग करने के कारण होने वाले मौत के बिषय मे विस्तार से जनकारी देते हुए उन्हें हेलमेट पहन कर यात्रा करने के लिए के लिए हेलमेट मैन ऑफ इंडिया के नाम से पहचान बनाने वाले राघवेंद्र कुमार ने मशाल जुलूस जलाकर लोगो को प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य आयोजन कर्ता सीआईएसएफ कमांडेंट राकेश निखज के द्वारा कराया गया जिसमें हरिहर क्षेत्र के भूमि के होनहार,कर्मठ,लगनशील युवाओं ने बढ़ चढ़कर इस प्रतियोगिता में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। सीआईएसएफ के कमांडेंट राकेश निखाज ने बताया कि बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा को निखारने और सामाजिक बेड़ियों को तोड़कर बच्चियों को आगे बढ़ाने तथा ओलंपिक जैसे अनुभव देने के मकसद से यह तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि 15 सितम्बर को फ्री मेडिकल कैंप लगाकर सैकड़ो मरीजों की फ्री चेकअप के साथ मुफ्त दवाई भी दिया गया ╒ जबकि 16 सितम्बर को कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमे 100 बच्चों ने भागीदार लिया ╒ 18 सितंबर को ओलिंपिक के तर्ज पर पीआर कॉलेज सोनपुर से गाँधी आश्रम तक मशाल जुलुस निकाला गया और दौड़ प्रतियोगिता किया जिसमे 100 मीटर से 800 मीटर दौड़ कराया गया। इस आयोजन को सफल बनाने मे गौरव कुमार, वैभव कुमार, यशवंत, गौतम,मणि कुमार,अरविंद कुमार, पप्पू कुमार, निशांत कुमार, शैलेश कुमार,मनीष गुप्ता,सुनील यादव,रौनक यादव सहित दर्जनों युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। राकेश निखज ने बताया की मुझे अपने मातृ भूमि के प्रति बडा लगाव एवं अपनी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करता हूँ ╒ जब भी डुयटी से छुटी मिलती है तो घर आकर प्रतियोगिता कराते है। जो बच्चे प्रतिभावान है और उन्हें किन्ही कारण अगर उनको मंच नहीं मिल रहा है तो उन्हें एक मंच तक पहुंचाना और लोगों तक उनकी प्रतिभा का लोहा मनाने तथा संसाधनों के आभाव मे किसी बच्चे का सपना दम तोड़ नहीं दे इसके लिए प्रयास करते रहते है। पीआर कॉलेज परिसर सोनपुर मे बुधवार के शाम सभी खिलाड़ियों एवं पत्रकार बंधुओ को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह मे मुख्य अतिथि के तौर पर हेलमेट मैन ऑफ इण्डिया के नाम से जाने जाने वाले राघवेंद्र कुमार ने कहा की राकेश निखज जी का यह पहल बिहार के उन बच्चों को मेडल का सपना दिखा रहे है जिनके पैरो मे ठीक से चप्पल न है न ही बेहतर शिक्षा है अगर ये आगे बढ़ते है तो बिहार आगे बढ़ेगा इससे भारत अगे बढ़ेगा। इस कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के तौर पर रघुवीर नरायण सीनियर कमांडेड सिआईएसएफ , पीआर कॉलेज के प्रिंसिपल चंद्र प्रकाश गुप्ता,हरिहर नाथ मंदिर न्यास के उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता विनोद सम्राट, किसलय किशोर, आशुतोष कुमार,पत्रकार संजीत कुमार,वीपीन कुमार, यूट्यूबर गौतम कुमार सहित सैकड़ो की सख्या मे स्थानीय लोग मौजूद रहे ।

## भेल्दी में करंट से वृद्ध की हुई मौत,परिजनों में मचा कोहराम

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** भेल्दी थाना क्षेत्र के भेल्दी गांव में उस वक्त अफरा तफरी का माहौल हो गया जब अपनी पोती के साथ धान के खेत में जंगल साफ करने गए एक किसान की मौत विद्युत स्पर्श होने से हो गई। मृतक भेल्दी गांव निवासी 65 वर्षीय किशोर साह बताए जाते हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार किशोर साह गुरुवार की सुबह अपनी पोती सिमरन कुमारी के साथ गांव के ही धान के खेत में घास साफ करने गए थे। जहां उनके परोस के खेत में जानवर से बचने के लिए बिजली का तार लगाया हुआ था, इस बात की जानकारी उन्हें नहीं थी। अपने खेत में घास साफ करने के दौरान ही अचानक विद्युत करंट स्पर्श हो गया। अचानक स्पर्श होने से वह चिल्लाने लगे यह देख उनकी पोती रोते हुए शोर मचाने लगी। इसके बाद वहां भारी भीड़ जुट गई, लोग बिजली विभाग को फोन कर लाइन कटवाते तब तक किशोर साह की मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी कांति देवी चीत्कार मारकर रोने लगी। पुत्र सरोज साह,भीम साह,विश्वकर्मा साह,मुकेश कुमार,पिंटू कुमार, मनीष कुमार अचानक अपने पिता की मौत से गम में डूबे हुए है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जिस खेत में बिजली का तार लगाया गया था वहां पास के ही पोल से सीधे प्रवाहित हो रहा था। उसमें पहले भी फंसकर जंगली जानवर की मौत हो गई थी। इसके बावजूद वहां से बिजली का तार नहीं हटाया गया था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई। इस मामले में अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई है।

## चोरी के 4 मोबाइल के साथ एक युवक को रेल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** यात्री के मोबाईल चुराकर भागने वाला एक चोर को रेल पुलिस ने गिरफ्तर कर लिया। एस बात की जनकारी देते हुए रेल थानाध्यक्ष ने गुरूवार को बताया कि चोरी के मोबाईल के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवक रूपेश कुमार पिता राजकुमार पासवान घर सोनपुर नौलखा मंदिर वार्ड नंबर 20 थाना हरिहरनाथ को कुल 4 चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## मृत अवस्था मे एक यात्री को ट्रेन से रेल पुलिस सोनपुर ने उतारा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रैन से मृत अवस्था मे एक यात्री को गुरूवार को उतारा गया। उक्त बात की जनकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर रुपेश कुमार ने गुरूवार को बताया की रेलवे कंट्रोल द्वारा जनकारी मिली कि अम्बला से हाजीपुर आ रहे एक मरीज के अचानक तबियत ज्यदा खराब हो जाने के कारण उसकी मौत ट्रैन मे हो गया.मृतक यात्री अपने परिवार के संग तबियत खराब होने के कारण घर आ रहा था इसी दौरान ट्रैन मे मौत हो गयी है। मृतक योगेंद्र पासवान का लिबर खराब हो गया था.मृतक का घर बैशाली जिले के देसरी थाना भटोलिया के भीखनपूरा गांव के रहने वाला था। मृतक गाडी संख्या 150708 डाउन ट्रैन के एस 4 के सीट संख्या 73 पर अपने परिवार के साथ हाजीपुर आ रहा था। मृतक को ट्रैन से उतरा गया। इस घटना के जनकारी मृतक के भतीजा अमरजीत पासवान पिता स्व सुखदेव पासवान को देते हुए अमरजीत पासवान को सोनपुर रेलवे स्टेशन पर पहुँचने के बाद पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराने को कहाँ इसपर अपने चाचा के पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर गया इसके बाद पुलिस ने मृतक के अंतिम संस्कार के लिए अमरजीत पासवान को सुपुर्द कर दिया गया।

# जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए चौबीस घंटे रखी जा रही है नजर- रुडी

■ सांसद रुडी ने जिला के प्रभारी मंत्री सुमित कुमार सिंह से बात की ■ आपदा सचिव प्रत्यय अमृत, जिलाधिकारी अमन समीर से भी रुडी ने की बात

- प्रभावित क्षेत्रों में एसडीआरएफ की तैनाती और नाव उपलब्ध कराया जा रहा है
- सांसद ने प्रभावित क्षेत्रों में पोर्टेबल शौचालय केबिन भी उपलब्ध कराने को कहा
- सांसद ने बचाव और चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने संबंधी कई दिशा-निर्देश दिये
- बाढ़ से सदर, रिविलगंज, कुतुबपुर दियारा, सिताब दियारा क्षेत्र है प्रभावित
- कोटवापट्टी रामपुर, रायपुर बिंदगांवा और बरहरा महाजी के दर्जनों गांव प्रभावित

**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** सारण में गंगा और सरयू नदी में जलस्तर में वृद्धि के कारण बाढ़ का का पानी रिहायशी इलाकों में घुस गया है। जिला के दियारा इलाका में सदर प्रखंड के कुतुबपुर दियारा, सिताब दियारा में जेपी का गांव समेत कोटवापट्टी रामपुर, रायपुर बिंदगांवा और बरहरा महाजी के लगभग दर्जनों गांव समेत रिविलगंज प्रखंड के दीलिया रहीमपुर पंचायत सहित नगर निगम के कई वार्ड प्रभावित हुए है। इस संबंध में सांसद से शेखर सिंह, धर्मेन्द्र चौहान, राकेश सिंह, भरपुरा टूनटून सिंह, दिलिया रहिमपुर के मुखिया विष्णु, राकेश कुमार, कोटवापट्टी रामपुर के हरेशर सिंह, छितरचक के धर्मनाथ राय, बतरौली से संजय कुमार सिंह, पहलेजा से पिंटू कुमार, सोनारपट्टी से राजेश कुमार सिंह, दुधैला मुखिया प्रतिनिधि अमरेन्द्र सिंह, सबलपुर पूर्व मुखिया दीपक शर्मा, पूर्व सरपंच दिलीप शर्मा, कल्याणपुर मुखिया प्रतिनिधि विक्रम सिंह आदि ने स्थानीय सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री राजीव प्रताप रुडी से संपर्क कर जानकारी दी।

जिले की नदियों में जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए सांसद श्री रुडी ने जिला के प्रभारी मंत्री सुमित कुमार सिंह, आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, सारण के जिलाधिकारी श्री अमन समीर, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन आदि अधिकारियों से दुरभाष पर बात की। सांसद ने अधिकारियों को बचाव और चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने संबंधी कई दिशा-निर्देश दिये। श्री रुडी ने अधिकारियों को 24 घंटे निगरानी के लिए कहा और बताया कि, सदर, रिविलगंज आदि स्थानों पर स्थिति भयावह हो सकती है। इन स्थानों पर प्रशासन को निगरानी रखते हुए राहत कार्यों को सुदृढ़ रखना चाहिए। श्री रुडी ने अधिकारियों से बताया कि कई क्षेत्र में कटाव भी हो रहा हैं तो वही कई क्षेत्रों में बाढ़ का पानी प्रवेश भी कर गया। उन्होंने बताया कि रिविलगंज प्रखंड के दीलिया रहीमपुर पंचायत सहित नगर निगम के कई वार्ड में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है।

सांसद श्री रुडी ने बताया कि सबलपुर उतरी, सबलपुर पूर्वी, सबलपुर मध्यवर्ती, सबलपुर दक्षिणी, पहलेजा, भरपुरा, जहांगीरपुर, छितरचक, शाहपुर दियरा, नजरमीरा पंचायत, गंगाजल, कसमर पंचायत का कुछ भाग आदि क्षेत्रों में भी पानी आ गया है जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सांसद ने सभी अधिकारियों को मुस्तैद रहने को कहा है और सिताब दियारा के कई पंचायतों में नाव और राहत पहुंचाने की बात कही है। उन्होंने छपरा में खनुआ नाला के दोनो मुहानो से गाद हटार जल निकासी के लिए त्वरित व्यवस्था करने की भी बात कही। श्री रुडी ने आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव से एसडीआरएफ की टीम को भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तैनात करने के लिए बात की।

## सरयू नदी में बढ़ रहे जलस्तर से कई गांवो में तबाही

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** पिछले चार दिनों के भीतर सरयू नदी के जलस्तर में अचानक हुई बेतहाशा बढ़ोतरी के कारण दाहा नदी के तट पर स्थित मांझी प्रखण्ड केमहम्मदपुर, ज्ञानीछपरा, भट्ठा, रेवल, मैनपुरवा तथा मुबारकपुर में नदी किनारे लगी कई सौ एकड़ भूमि में मक्का अरहर धान तथा सब्जी की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। इधर महम्मदपुर भट्ठा नरवन कटोखर होते हुए प्रखण्ड मुख्यालय को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग पर भट्ठा गाँव के समीप रोड पर पानी चढ़ गया है।जिसके आवागमन बाधित होने के कगार पर है। ग्रामीणों की माने तो अगर ऐसे ही नदी में लगातार एक से दो दिन में बढ़ोतरी होती है तो गाँव के लोगो को पलायन करने जैसी स्थिति उतपन्न हो जाएगी। इधर बुधवार की देर रात भट्ठा गाँव के बांध में काफी पानी का दबाब होने के कारण बांध टूट जाने से कुछ ऊपरी इलाके की भी धान तथा सब्जी की फसल डूब कर नष्ट हो गई। बांध टूटने की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुँचे मांझी के सीओ सौरभ अभिषेक तथा बीडीओ रंजीत कुमार सिंह के दिशानिर्देश पर विभागीय टीम तथा ग्रामीणों के सहयोग से बांध को बांधा गया।



## एमएलसी प्रतिनिधि ने विद्युत शव दाह-गृह बनाने की कि मांग

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के चंचलिया पंचायत के गंडक नदी किनारे सुहागपुर घाट के समीप विद्युत शव दाह-गृह बनाने की मांग किया गया है। इस आशय से संबंधित एक पत्र एमएलसी इंजीनियर सच्चिदानंद राय के प्रतिनिधि शैलेश कुमार यादव ने प्रखंड विकास पदाधिकारी तरैया से चंचलिया के सोहागपुर घाट के समीप विद्युत शव दाह-गृह बनाने की मांग की है तथा विद्युत शव दाह गृह का निर्माण करने की अति आवश्यकता जताई है। पत्र में आमजनों की समस्या का उल्लेख करते हुए कहा है कि विद्युत शव दाह-गृह के निर्माण हो जाने से शव दाह संस्कार करने में काफी सहूलियत होगी।

## मशरक में पूर्व मंत्री ने चलाया भाजपा की सदस्यता अभियान, गांवों का किया भ्रमण



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ महाचन्द्र प्रसाद सिंह मशरख प्रखण्ड के कई पंचायतों में बैठक कर भाजपा के द्वारा देशव्यापी चलाये जा रहे सदस्यता अभियान से लोगों से जुड़ने का आग्रह किया। महाराणा प्रताप चौंक के पास वरिष्ठ भाजपा नेता कुमार रजनीश उर्फ झुन्ना पांडेय के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा,सुनिल सिंह, अखिलेश राम, रंजीत राम समेत अन्य मौजूद रहें। मौके पर डॉ सिंह के द्वारा सैकड़ो लोगों को भाजपा की सदस्यता भी दिलाई गई। डॉ सिंह ने आगे कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाता है। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल के नेतृत्व में बिहार में बीजेपी ने 1 करोड़ से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हम अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। लेकिन जिस तरह कार्यकर्ताओं में उत्साह दिख रहा है उससे यह तय है कि हम लक्ष्य से बहुत आगे निकलेंगे और पूरे देश में बिहार सदस्य बनाने में प्रथम स्थान प्राप्त करेगा और सारण जिला बिहार में अव्वल रहेगा । डॉ सिंह उपस्थित लोगों से कहा कि पहले खुद सदस्य बने फिर अपने परिवार के लोगों को उसके बाद आस - पड़ोस के लोगों को सदस्य बनाएं । भाजपा का सदस्यता अभियान केवल पार्टी को मजबूत बनाने के लिए नही है बल्कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के लिए मजबूत नींव रखना है । भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता सदस्यता अभियान को सफल बना कर मोदी जी के हाथों को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संगठन में मजबूती प्रदान करने की अपील की और घर-घर जाकर भाजपा का सदस्य बनाने का आग्रह किया और प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यों की विस्तार में चर्चा किया। डॉ सिंह ने आगे कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन का कैबिनेट से मंजूरी मिलना मोदी सरकार के विकासशील सोच को दर्शाता है। एक राष्ट्र, एक चुनाव से देश की धन की बचत होगी। प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा बलों पर तनाव कम होगा और सरकारी नीतियों का समय पर कार्यान्वयन हो सकेगा । देश में लगातार चुनाव होने के कारण बार-बार आचार संहिता लगाना पड़ता है जिससे समय पर सरकारी योजनाएं पूरी नहीं हो पाती और विकास कार्य प्रभावित होता है। वन नेशन वन इलेक्शन पॉलिसी से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और विकास कार्य में तेजी आएगी।

## अनियंत्रित बाइक सवार की पेड़ से टक्कर , घायल सदर अस्पताल छपरा रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सीएचसी में गंभीर रूप से घायल एक युवक को भर्ती कराया गया। युवक की पहचान सिवान जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र के राजापुर मल्लाही टोला गांव निवासी सतन सहनी का 28 वर्षीय पुत्र गांधी सहनी के रूप में हुई। घायल ने बताया कि वह अपने गाव से बाइक पर सवार होकर मशरक के रास्ते दिघवारा जा रहा था कि सड़क पर गिरे पेड़ से बाइक की टक्कर हो गई जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया जहां से सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।

## लखनपुर में ऑटो की चपेट में आने से बाइक सवार दो घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के लखनपुर में अनियंत्रित ऑटो की टक्कर से बाइक सवार दो शख्स गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। घायल मशरक थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव निवासी स्व इंद्रसेन मांझी का 35 वर्षीय पुत्र चनेसर मांझी और गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के हमीनपुर गांव निवासी हीरालाल मांझी का 28 वर्षीय पुत्र मुन्ना मांझी हैं। घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि अनियंत्रित ऑटो ने बाइक की टक्कर मार दी और फरार हो गया। मौके पर थाना पुलिस को सूचना दी गई वहीं मौके पर पहुंची पुलिस 112 की टीम ने अस्पताल पहुंचाया। परिजनों ने बताया कि घायल मुन्ना मांझी पटना से बस से लखनपुर गांव में अपने ससुराल पहुंचा जहां से बाइक पर सवार होकर उसके रिश्तेदार हमीनपुर गांव छोड़ने जा रहें थे कि दुर्घटना हो गई।

## शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार , वाहन जब्त

सिवान। उत्पाद विभाग टीम ने गुरुवार की सुबह शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। उत्पाद अधीक्षक सह इंस्पेक्टर अंकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि यूपी से दो युवक अपनी बाइक और शरीर में शराब छुपा कर नौतन के रास्ते लेकर आ रहे हैं। जहां टीम द्वारा नौतन थाना क्षेत्र के बांकुल घाट चेक पोस्ट पर शक के आधार पर रोक कर तलाशी ली गई तो बाइक के सीट के नीचे और दो युवकों के शरीर से 70 बोतल शराब बरामद की गई। इसके बाद शराब व बाइक को जब्त करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार तस्कर हसनपुरा थाना क्षेत्र के बसंत नगर निवासी गौतम साह का पुत्र आशीष कुमार व भगरथी साहनी का पुत्र हरीलाल कुमार है जिन्हें जेल भेज दिया गया।

## शहर में कल छह घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**परवेज अख्तर /सिवान।** शहर के कुछ मोहल्लों के उपभोक्ताओं को 21 सितंबर को छह घंटे बिजली नहीं मिलेगी। 11 केवी नए फीडर का निर्माण कार्य किया जाएगा। बिजली कटौती के दौरान विभाग ने उपभोक्ता से वैकल्पिक व्यवस्था कर लेने की अपील की है। शहरी सहायक विद्युत अभियंता शिवशंकर सिंह ने बताया कि 21 सितंबर की सुबह छह बजे से दिन के 12 बजे तक 11 केवी नए फीडर का निर्माण कार्य किया जाएगा। इस कारण 11 केवी टाउन वन व 11 केवी हास्पिटल फीडर बंद रहेगा। इस दोनों फीडर से जुड़े महादेवा, पुलिस लाइन, खुर्माबाद, चकिया, फतेहपुर बाईपास, तरवारा मोड़ से बाईपास आदि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बिजली कटौती से पूर्व बिजली संबंधी कार्यों को पूरा कर लेने की अपील की है।

# थानाध्यक्ष ने पुलिस मित्र जागरूकता अभियान संवाद के बारे में बताया

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के बारवे परसौना गांव स्थित आरबीउच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में पुलिस मित्र, जागरुकता अभियान संवाद के तहत थानाध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अनन्या के विद्यालय में प्रवेश के पश्चात विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकाओं ने भव्य स्वागत किया सर्वप्रथम विद्यालय के शिक्षक दिलीप कुमार एवं मानवेन्द्र सिंह ने अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण से स्वागत किया वहीं दूसरी ओर विद्यालय की शिक्षिका प्रतिज्ञा गुप्ता, श्वेता कुमारी, राखी कुमारी, गिरिजा मणी, रेहाना बानों ने उनकी धर्मपत्नी अनन्या जी को भी अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण से स्वागत किया विद्यालय की संगीत शिक्षिका, राखी कुमारी, ने मेरे झोपड़ी के भाग्य आज खुल जायेंगे राम आयेंगे गीत से आगंतुको का स्वागत किया जेडीप्रोजेक्ट बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक गोविंद वल्लभ ने साथ छूटेगा कैसे मेरा आपका,जब मेरा दिल ही घर बन गया आपका से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए,उसी विद्यालय के शिक्षक पुलिस राय ने एक से बढ़कर अनेकों शायरी से उनके मन को जीत लिया थानाध्यक्ष ने मे छात्रों के बीच 112 नंबर डायल के विषय में विशेष महत्व देते हुए अपराध से भयभीत आम जनों खासकर युवतियों, महिलाओं एवं




आम जनों की सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी कि अगर आप किसी गंभीर संकट में फंसे हैं तो आप 112पर डायल करें,डायल के पश्चात एक कोड आपके पास आयेगा फिर उस कोड के माध्यम से पुलिस आपको टैक करेगी फिर आपसे सूचना प्राप्त करेगी आप जिस जगह पर होंगे वहा के नजदीक थाना की गाड़ी पुलिस बल आपके सुरक्षा हेतु आपके पास मौजूद रहेंगी और इस प्रकार आप सुरक्षित रहेंगे थानाध्यक्ष महोदय की पत्नी श्रीमती अनन्या ने अपने संबोधन में छात्रों को बतलाया की सभी छात्रों को अपनी बहन की सुरक्षा के साथ -साथ दूसरों की बहन को भी अपना बहन मानते हुए उनकी भी सुरक्षा की जिम्मेवारी आप सबों की बनती है तब ही जाकर हमारा देश मजबूत भारत एवं निरपराध भारत बन उभरेगा दोनों अतिथियों ने विद्यालय के छात्र विवेक, रोहित, अभिषेक, रामनिवास,रिषु, नितेश,करण,विशाल, पियुष, विवेक 2, नीतीश, बिट्टू, विक्की को क्वीज प्रतियोगिता आयोजित कर बच्चों का ज्ञानवर्धन किया एवं उपहार देकर सम्मानित किया कार्यक्रम में सभी पुलिस टीम जिसमें महिला ,पुरुष बल के साथ विद्यालय के शिक्षक संजय पुष्पक आशीष साहिल,संजय कुमार,नवनीत सिन्हा, अखिलेश कुमार, धर्मेंद्र गुप्ता,मनोज कुमार सिंह, प्रकाश मिश्रा, गोविंद सिंह,मोशमीम,एहम कमर, निजामुद्दीन, मुखिया अवधेश राय आदि उपस्थित थे



## स्कूल परिसर में थाना भवन निर्माण पर रोक की मांग, ग्रामीणों ने दिया धरना

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड के दरिहारा हाई स्कूल सह इंटर कॉलेज मे बन रहे निर्माणाधीन थाना भवन के विरोध मे ग्रामीणों द्वारा शांतिपूर्ण धरना दिया गया। लोगो द्वारा बन रहे स्कूल परिसर मे बन रहे थाने का विरोध किया गया। ग्रामीणों ने कहा की स्कूल परिसर में थाने बनने से बच्चे पर बहुत प्रभाव पड़ेगा और पढ़ाई बाधित होगा। इसका निर्माण कार्य रोका जाना चाहिए। ज्ञात हो की इस स्कूल मे अगल बगल के चार पंचायत के बच्चे पढ़ने आते है और अपने क्षेत्र का बहुत पुराना स्कूल है। जबकी बगल के ही पंचायत मानपुरा मे सरकारी जमीन एक एकड़ से ज्यादा जमीन है, उसमें थाना का निर्माण होना चाहिए। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि राजेश सिंह, जिला परिषद गलोक सिंह, अरविन्द सिंह, अर्जुन सिंह, धावक रत्नेश सिंह, रामानुज सिंह, विनय सिंह, वार्ड बुलबुल सिंह, प्रतिनिधि भूटकून सिंह, सनी सिंह, डॉ अजीत सिंह, पंचायत समिति मिथुन साह, पंचायत समिति जीतेन्द्र महतो, लक्ष्मी राय, वार्ड उदय सिंह, विकास सिंह, सुधाकर सिंह, शुभम सिंह, बंटी सिंह, प्रमोद सिंह, सूरज गुप्ता, अम्बिका सिंह, जीतेन्द्र गिरी, रविंद्र राय सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे ।सभी लोगो ने सांसद राजीव प्रताप रूडी जी से भी बात कर मांग किया की। सारण जिला अधिकारी और पुलिस कप्तान से बात कर अविलंब निमार्ण कार्य पर रोक लगाने की बात ग्रामीणों ने कही। कहा की इससे पहले भी यहाँ निर्माण कार्य शरू हुआ था तो रूडी जी के पहल पर ही रोक लगा था, इस बार भी हमलोग को उम्मीद है की आपके पहल पर निर्माण कार्य रोक सकता है।

## गरीबों के अधिकार के लिए लड़ाई तेज करने का किया आह्वान

**दैनिक खोज खबर/पानापुर(सारण)।** प्रखंड के भोरहा पंचायत की पूर्व मुखिया कॉमरेड पासपति देवी के द्वितीय पुण्यतिथि पर भाकपा माले के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रखंड स्तरीय कन्वेंशन का आयोजन किया गया क़न्वेंशन में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाकपा माले के जिला कमिटी के सचिव सभापति राय ने कहा कि गरीबों एवं मजदूरों के हकों के लिए हमे बड़ी लड़ाई लड़ने की जरूरत है ऩ्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि अधिक से अधिक लोगो को पार्टी से जोड़े ताकि संगठन को मजबूती मिले एवं हमारी लड़ाई को ताकत मिले इससे पहले कार्यकर्ताओं ने दिवंगत पूर्वमुखिया के तैलीय चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया एवं एक मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी क़न्वेंशन को अनुज कुमार दास ,नागेंद्र प्रसाद ,वीरेंद्र राय ,तारकेश्वर प्रसाद ,विजय सिंह ,विपिन कुमार ,जिज्ञासु ,रामएकबाल प्रसाद आदि ने भी संबोधित किया।

## संझा गांव में नदी का बांध टूटा पानी का बहाव तेज

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के विश्वमभरपुर पंचायत के संझ गांव स्थित लक्ष्मीनिया बांध पानी के दबाव से टूट चुका है। जिस वजह से पानी का बहाव काफी तेज है, जो बसंत होते हुए धनौती अचलपुर गांव में घुसने की संभावना है। इस बांध पर प्रत्येक वर्ष मिट्टी की बोरी से मजबूत कराई जाती है। लेकिन ग्रामीण रौशन ओझा ने बताया कि इस वर्ष यहां मिट्टी से बांध को मजबूत नही किया गया, जिस वजह से बांध टूट गई। चार वर्ष पूर्व आई बाढ़ में भी यह बांध का टूटना ही था। इस बात की सूचना स्थानीय विधायक को दी गई। उन्होंने अपना प्रतिनिधि अखिलेश राय को भेजकर पूरी स्थिति से अवगत होने के बाद स्थानीय प्रशासन को सूचित किया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पानी काफी तेज गति से बहाव कर रही है जिस कारण गांव में घुसने की संभावना है।

## दो अलग-अलग मकान में घुस कर चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

**दैनिक खोज खबर/ दाउदपुर (मांझी)।** दाउदपुर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव में एक हीं रात दो अलग-अलग मकान में घुस कर चोरों ने हजारों रूपये मूल्य की संपति चोरी कर ली। उसके बाद घटना की सूचना पीड़ित परिवारों ने स्थानीय थाना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने गांव पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात जैतपुर गांव के काली स्थान के समीप चोरों ने बारी- बारी से दो घरों को निशाना बनाया है। पीड़ित अनिरुद्ध ठाकुर ने बताया कि उनके घर के सदस्य रात में भोजन करके सो रहे थे। इसी बीच चोरों ने घर में घुस कर आभूषण रखे एक शूटकेश तथा एक बक्सा लेकर फरार हो गए हालाकि सुबह में घर के कुछ दूरी पर खेत में टूटा हुआ बक्सा तो मिल गया जबकि आभूषण रखे शुटकेश का कोई सुराग नहीं मिला है। घटना में सोने चांदी के करीब पांच थान जेवरात चोरी होने की बात बताई जाती है। इसी तरह बगल के ही बिरेंद्र ठाकुर के घर में घुस कर चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर घर में रखे बक्सा के समान लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी अगले दिन हुई जब घर के ही बगल में टूटा हुआ बक्सा मिला। वही पुलिस मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है।

## मढ़ौरा एसडीओ द्वारा अनुकंपा के आधार पर दो व्यक्तियों को दिया गया जविप्र का अनुज्ञप्ति




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** अनुमंडल के दो लोगों को अनुकंपा के आधार पर जविप्र का अनुज्ञप्ति एसडीओ डा.प्रेरणा सिंह ने गुरुवार को प्रदान किया। दोनों मामले में जिला पदाधिकारी की स्वीकृति के बाद जन वितरण प्रणाली का अनुज्ञप्ति एसडीओ के द्वारा निर्गत किया गया है। अनुज्ञप्ति प्राप्त करने वालों में अमनौर प्रखंड के कोरया निवासी राजकिशोर सिंह की पत्नी सीता देवी और मढ़ौरा प्रखंड के शिल्हौड़ी पंचायत के के जगलाल प्रसाद के पुत्र मुकेश कुमार का नाम बताया गया है। मामले में एसडीओ डा.प्रेरणा सिंह ने बताया कि अनुज्ञप्तिधारी डीलर की मृत्यु के बाद उनका कोटा प्रभावित हुआ था। जिलाधिकारी की स्वीकृति के बाद अनुज्ञप्तिधारी के आश्रित को जन वितरण प्रणाली का लाइसेंस निर्गत किया गया है। अनुज्ञप्ति के निर्गत होने से उक्त पंचायत में जन वितरण की व्यवस्था के अधिक सुचारू होने में मदद मिलेगी।

## मशरक नगर पंचायत के सफाई कर्मी दो सप्ताह से हड़ताल पर, चारों तरफ पसरा गंदगी



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में लगें सफाईकर्मियों की हड़ताल दो सप्ताह से गुरूवार को भी जारी रहीं जिससे नगर पंचायत के मुख्य सड़कों और वार्डों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। वहीं गुरूवार को सफाईकर्मियों ने सड़कों पर उतर अपनी मांगों को लेकर नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों को पूरा करने की मांग की। सड़क पर उतरें सफाईकर्मियों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की। जिसमें सुपरवाइजर बिनोद बासफोड़, चंदन कुमार, मुन्ना बासफोर,कुदन कुमार,साजन कुमार, राहुल कुमार, अरूण कुमार समेत अन्य शामिल हुए। वहीं आपकों बता दें कि अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गये सफाईकर्मियों ने धमकीं और गाली गलौज करने के बारे में मशरक थाने में ठेकेदार, सुपरवाइजर समेत अन्य पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। मजदूरों ने बताया कि उन्हें उचित वेतन नहीं दिया जाता है न ही कोई सुरक्षा उपकरण और न ही कोई अन्य सुविधा दी जाती है जबकि मांग करने पर नौकड़ी से निकाल दिया जाता है या धमकीं दी जाती है। वहीं जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह ने बताया कि लगभग 16 लाख रुपए का टेंडर होने के बाद भी यदि मजदूरों को उचित वेतन नहीं मिलता तो तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं जय बिहार फाउंडेशन की तरफ से महेश्वर सिंह के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने सारण डीएम को आवेदन देकर नगर पंचायत के विभिन्न योजनाओं में मची भ्रष्टचार की धांधली की जांच कराने की मांग की हैं। वहीं आपकों बता दें कि नगर पंचायत के मुख्य इलाके जैसे स्टेशन रोड, थाना चौंक, अस्पताल चौंक, महाराणा प्रताप चौंक को छोड़ अधिकांश वार्डों में सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चल रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी मशरक मो शाहनवाज रजा से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि सफाई एजेंसी को शो काज जारी किया गया है।

## बाइक की ठोकर से स्कूटी चिकित्सक घायल

**दैनिक खोज खबर,/एकमा (सारण)।** एकमा-चेतन छपरा सड़क पर नरहनी गांव के मध्य विद्यालय के सामने छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर बने स्पीड ब्रेकर पार करने के दौरान चिकित्सक डॉ विकास कुमार विमल की स्कूटी में पीछे से एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक चालक ने टक्कर मारी दी। जिसमें स्कूटी चालक चिकित्सक डॉ विकास कुमार विमल सड़क पर गिरकर घायल हो गये। दुर्घटना के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने तत्काल डॉ विमल व उनकी स्कूटी को उठाकर उन्हें सौंप दिया। इसके बाद घायल डॉ विकास कुमार विमल अपनी ड्यूटी पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एकमा पहुंचे। बताया जाता है कि चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विकास कुमार विमल प्रखंड क्षेत्र के छित्रवलिया अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एकमा में इमरजेंसी ड्यूटी करने के लिए स्कूटी से आ रहे थे। इसी बीच अचानक नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र के नरहनी गांव के मध्य विद्यालय के गेट सामने बने ठोकर को पार करने के दौरान चिकित्सक डॉ विकास कुमार विमल की स्कूटी में अचानक एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी समेत चिकित्सक सड़क पर गिरकर विमल घायल हो गये। घायल चिकित्सक डॉ विकास कुमार विमल का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। बताया जाता है कि डॉ विकास कुमार विमल को गंभीर चोटें नहीं आयी हैं।

## मंडलकारा में जांच के दौरान नहीं मिला कोई भी आपत्तिजनक सामान

**परवेज अख्तर/ सिवान।** मंडल कारा में गुरुवार की सुबह मुख्यालय के आदेश पर डीएम मुकुल कुमार गुप्ता व एसपी अमितेश कुमार ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। छापेमारी के क्रम में मुख्यालय के सदर एसडीओ सुनील कुमार, सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह, पुलिस पदाधिकारी, जवान व पुलिस केंद्र से अतिरिक्त बल को बुलाया गया था।

50 मिनट तक चली छापेमारी में जिला प्रशासन को कोई भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। मंडल कारा में सबसे पहले महिला बंदियों के वार्ड की जांच को पुलिस बल को भेजा गया। इसके बाद डीएम व एसपी ने सभी वार्डो का जांच अपने नेतृत्व में करवाया। इसके बाद जेल के हर वार्ड में छापेमारी के लिए अलग-अलग पुलिस पदाधिकारियों को जवानों के साथ भेजा गया। डीएम ने जेल कार्यालय का भी निरीक्षण किया। यहां से डीएम ने सभी फाइलों को घंटों खंगाला। वहीं जेल के अंदर और बाहर प्रवेश द्वार पर लगे सीसी कैमरे के फुटेज को भी खंगाला। मंडल कारा अधीक्षक देवाशीष कुमार सिन्हा ने बताया कि डीएम, एसपी, एसडीओ, एसडीपीओ सहित अन्य पदाधिकारी व जवान ने मंडल कारा निरीक्षण किया गया। जांच के क्रम में कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं बरामद हुई। छापेमारी सुबह नौ बजे से शुरू होकर नौ बजकर 50 मिनट तक चली।

## बिजली का करेंट लगनें से एक घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चांद कुदरिया गांव में बिजली का करेंट लगनें से एक युवक को अचेतावस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। युवक चांद कुदरिया गांव निवासी स्व योगेन्द्र राम का 25 वर्षीय पुत्र रंजय कुमार हैं। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। परिजनों ने बताया कि पंखा का तार जोड़ने के दौरान करेंट लग गया।

## बेटी बेचवा नाटक की प्रस्तुति देख ग्रामीण दर्शक झूम उठे

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के अखिल भारतीय मानव चेतना कला संस्थान द्वारा स्व भिखारी ठाकुर रचित बेटी बेचवा नाटक का मंचन जितवारपुर महेशियां गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में किया गया कार्यक्रम की उद्घाटन स्थानीय पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ने फीता काट कर किया वही कलाकारों ने बेहतर ढंग से प्रस्तुति किया इस नाटक के माध्यम से गरीबी के कारण कम उम्र के लड़कियों की शादी अधिक उम्र के व्यक्तियों से पैसा लेकर कर दिया जाता था जिसके कारण लड़कियों का जीवन बर्बाद हो जाता था किस प्रकार के सामाजिक कुरीतियों पर आधारित नाटक के माध्यम से समाज में जागरूकता लाने का पहला किया गया है वही इस संस्था के कलाकारों में अजय मलिक, खुशी कुमारी, वीरेंद्र कुमार राय, नागेंद्र शर्मा, राज कपूर, सरोज कुमार तथा खुशबू कुमारी द्वारा नाटक की प्रस्तुति दी गई वही नाटक का निर्देशन बिंदु भारती ने किया



## डीसीएलआर एवं सीओ ने किया गंडक नदी का निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/पानापुर(सारण)।** गंगा एवं सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण जिला मुख्यालय सहित कई प्रखंडों में बाढ़ की स्थिति के मद्देनजर गुरुवार को डीसीएलआर मढ़ौरा मनोहर कुमार साहू एवं सीओ अभिजीत कुमार ने गंडक नदी का निरीक्षण किया .वरीय पदाधिकारियों के निर्देश के बाद डीसीएलआर ने पृथ्वीपुर ,बसहिया ,सारंगपुर डाकबंगला ,कोंध मथुराधाम आदि घाटों का निरीक्षण किया एवं पूर्व में कराये गये कटावरोधी कार्यो का जायजा लिया ड़ीसीएलआर ने बताया कि गंडक नदी का जलस्तर फिलहाल सामान्य है एवं कही भी कटाव की सूचना नही है .

## बोलेरो की ठोकर से युवक घायल, रेफर

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के दाउदपुर थाना क्षेत्र के नसीरा गांव में एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने एक युवक को ठोकर मार दी। बोलेरो की ठोकर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं मौका पाकर बोलेरो समेत चालक से फरार हो गया। गांव के लोगों ने बताया कि नसीरा गांव के नीरज कुमार मांझी रात्रि में लघुशंका करने के लिए सड़क किनारे जा रहे थे। इसी दौरान कोहड़ा बाजार की ओर जा रही तेज रफ्तार अनियंत्रित एक बोलेरो चालक ने नीरज को ठोकर मार दी और मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने तत्काल घायल युवक को एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर उपचार के लिए भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ आयुष्मान कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल युवक को बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां घायल का उपचार चल रहा है।

## बदमाशों ने फेरी वाले को चाकू से घायल कर नकदी व मोबाइल लूटा

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के दाउदपुर थाना क्षेत्र के सरयूपार गांव के समीप बदमाशों ने चाकू से घायल कर एक फेरी वाले से मोबाइल और नकदी लूट लिया। बताया जाता है कि एकमा थाना क्षेत्र के भरहोपुर मठिया गांव के नीरज गिरि परिवार के भरण-पोषण के लिए बाइक से आसपास के गांवों व बाजारों में घूमकर पावरोटी बिस्कुट तथा अन्य परचून सामग्रियों को बेचने का कार्य करते हैं। नीरज गिरि समानों को बेच कर रात्रि में बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सरयूपार गांव के समीप तीन-चार बदमाशों ने घेरकर मोबाइल व नकदी लूट लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने पीठ पर चाकू से मारकर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर आसपास के लोगों व परिजनों ने घायल नीरज गिरि का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर कराया। प्राथमिक उपचार करने के बाद अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने घायल नीरज गिरि को आवश्यक जांच व बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां उनका उपचार चल रहा है। हालांकि पीड़ित फेरीवाले द्वारा सामानों के बिक्री वाले रुपए कुछ कितनी थी। अथवा उनमें से लूट की वास्तविक रकम को नहीं बताया जा सका है।

# सरयू नदी में आये उफान से मांझी प्रखंड में जनजीवन अस्त-व्यस्त

### सीमावर्ती चांद दियर पुलिस चौकी के समीप एनएच ध्वस्त

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** सरयू नदी में आये उफान ने मांझी प्रखंड में जनजीवन अस्त ब्यस्त कर दिया है। बुधवार की रात करीब डेढ़ बजे बाढ़ के पानी के जबरदस्त दबाव के बाद सीमावर्ती उत्तरप्रदेश के चांद दियर पुलिस चौकी के समीप एनएच 31 लगभग 50 मीटर की लंबाई में अचानक ध्वस्त हो गया और यूपी से बिहार का सड़क सम्पर्क भंग हो गया। सड़क के ध्वस्त होने के बाद दोनों तरफ सैकड़ों की संख्या में सामग्री लदे भारी वाहन फँस गए हैं। सड़क सम्पर्क भंग होने से हजारों करोड़ रुपये का ब्यवसाय अचानक प्रभावित होकर रह गया है। रेलमार्ग ही अब लोगों के आवागमन का एकमात्र साधन रह गया है। बलिया जिले प्रशासन द्वारा भारी वाहनों को लगभग दो सौ किमी अतिरिक्त दूरी तय कर जिले के बेल्थरा रोड तथा देवरिया एवम सिवान होकर छपरा भेजा जा रहा है। सारण जिला प्रशासन द्वारा भी उक्त सड़क मार्ग से बलिया,गाजीपुर एवम वाराणसी आदि शहरों तक जाने वाले वाहनों को इसी रूट से भेजा जा रहा है। लम्बी दूरी के भारी वाहनों को वापस बलिया शहर तथा बक्सर के रास्ते पटना सहित अन्य शहरों के लिए भेजा जा रहा है। इस बीच सब्जी दूध आदि कच्ची सामग्री लदे वाहन संचालक सामग्री के बर्बाद होने को लेकर बेहद चिंतित हैं। उत्तर प्रदेश प्रशासन आम यात्री एवम निजी वाहनों को इन्ही रास्तों से वापस भेज रहा है। सैकड़ों वाहनों के फंसने के कारण माँझी के बलिया मोड़ तथा यूपी के बैरिया मोड़ पर ही दोनों प्रदेशों की पुलिस को तैनात कर दिया गया है। सीमा पर आवाजाही ठप होने से जयप्रभा सेतु पर तैनात उत्पाद पुलिस के अधिकांश जवान भी बेडयूटी होकर रह गए हैं। सड़क के अचानक ध्वस्त होने के कारण माँझी से सटे चांद दियर गाँव की लगभग एक हजार की आबादी बुरी तरह परेशान होकर रह गई है। घरों में अचानक लगभग दस फुट पानी भर जाने से कमरों में रखा लोगों का सामान अनाज एवम चारा आदि पानी में डूब गया है। लोग आनन फानन में रात में ही अपने परिजनों व सैकड़ों मवेशियों को लेकर किसी तरह एनएच 31 पर पहुँच गए जहाँ मवेशियों सहित ग्रामीण शरण लिए हुए हैं। पीड़ितों के लिए भोजन एवम पशु चारा एनडीआरएफ के जवान मोटर बोट से पहुँचा रहे हैं। रात में भी कई लोगों को मोटरबोट से रेस्क्यू कर उनके घरों से सुरक्षित बाहर निकाला गया।इधर सरयू के जलस्तर में लगातार हो रही बृद्धि के कारण माँझी में पानी खतरे के निशान से एक फुट ऊपर बह रहा है। माँझी के दीघा पोखरा में पानी भर जाने के कारण माँझी बनवार सड़क पर नगर पँचायत क्षेत्र में पानी भर गया है तथा दर्जनों घरों में पानी प्रवेश कर गया है जिससे लोग घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। मझनपूरा से जइ छपरा तक सरयु के किनारे के गांवों के ग्रामीणों की सैकड़ों एकड़ की फसल डूबकर बर्बाद हो गई हैं। बाढ़ ने खासकर सब्जी की खेती करने वाले माँझी के किसानों की की कमर तोड़ दी है। किसान सिकंदर अली ने बताया कि दो लाख रुपये कर्ज लेकर उसने सब्जी की खेती की थी और जब सब्जी निकलने का समय आया तो फसल डूबकर बर्बाद हो गई। उधर रिविलगंज के इनई के समीप सोंधी नदी के मुहाने पर स्थित सलुइस गेट के समीप बांध के क्षतिग्रस्त हो जाने से नदी में अचानक बाढ़ आ गई है तथा रिविलगंज प्रखण्ड के आधा दर्जन गाँवों के अलावा माँझी के लगभग एक दर्जन गाँवों में बाढ़ का खतरा मण्डराने लगा है। यही स्थिति माँझी के ताजपुर से महम्मदपुर तक के दर्जन भर गाँवों की है जहाँ दाहा नदी के दोनों तरफ के तटबंध पर पानी का जबरदस्त दबाव बना हुआ है। बांध के टूटने तथा गाँवों में तबाही की आशंका के मद्देनजर माँझी के सीओ बीडीओ तथा थानाध्यक्ष लगातार पानी की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। माँझी के रामघाट सहित सरयु किनारे स्थित एक दर्जन से अधिक मन्दिर भी बाढ़ की चपेट में आ गए हैं तथा पूजा पाठ करने वालों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस बीच गुरुवार को दोपहर डुमरी गाँव से सटे पश्चिम नदी का बांध ध्वस्त हो जाने के बाद बाढ़ का पानी गाँव में भरने लगा है तथा गाँव में अफरा तफरी का माहौल उतपन्न हो गया है।

# तरक्कीयाफ्ता कौमें अपनी मातृभाषा से करती हैं प्यार

## उर्दू भाषी प्रोत्साहन वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** तालीम और इल्म ऐसा धन है जो एक अखबार बेचने वाले बच्चे को देश का मिसाइल मैन और राष्ट्रपति बना सकता है. उक्त बातें डीआरडीए निदेशक कैयूम अंसारी ने उर्दू भाषी छात्र प्रोत्साहन योजना के तहत आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए कहीं. पूर्व में उद्घाटन प्रभारी डीएम सह डीडीसी यतेंद्र पाल ने दीप प्रज्वलित कर किया. मौके पर विषय प्रवेश करते हुए उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने कहा कि दुनिया की सभी तरक्कीयाफ्ता कौमें अपनी मादरी जुबान से बहुत प्यार करती हैं. उसके बदौलत ही वे दुनिया के सबसे विकसित देशों में शामिल हैं. हमें भी अपनी मातृ भाषा से वैसी ही मुहब्बत दिखानी होगी. उन्होंने कहा कि उर्दू का विकास तभी होगा जब हम उसे पढ़ें, बोलें और उसका प्रयोग करेंगे. घरों में उसका इस्तेमाल हो. विशिष्ट अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी रवि प्रकाश ने कहा कि उर्दू विषय लेकर सिविल सर्विस से लेकर तमाम प्रतियोगी परीक्षा में सफलता पायी जा सकती है. इसके प्रयोग से बातों में खूबसूरती, असर और प्रभाव पैदा होता है. उन्होंने प्रतियोगिता के लिहाज से महत्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित किया. अतिथियों का स्वागत करते हुए उर्दू भाषा कोषांग की प्रभारी पदाधिकारी सरवत जहां ने कार्यक्रम पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के उर्दू निदेशालय के द्वारा प्रायोजित यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष जिला उर्दू भाषा कोषांग आयोजित करता है. इसके अतिरिक्त मुशायरा-सेमिनार और कार्यशाला और उर्दू पत्रिका का प्रकाशन आदि के द्वारा भी उर्दू के विकास का सार्थक प्रयास किया जा रहा है. विशिष्ट अतिथि डीएसओ शमीम अंसारी ने उर्दू को विशुद्ध रूप से भारतीय भाषा बताते हुए उसे प्यारी और मीठी जुबान कहा. अति विशिष्ट अतिथि अल्ताफ आलम राजू ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका अविस्मरणीय है. इसका प्रयोग आज भी संसद से लेकर सड़कों तक भाईचारा और एकता स्थापित करने के लिए किया जा रहा है. अतिथियों को पौधों का गमला प्रदान कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया. प्रतियोगिता में कुल 43 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. जिनमें से मैट्रिक स्तर पर शाएका परवीन को प्रथम, आइसा, रुखसार व समीर को द्वितीय और फातमा शमीम, शगुफ्ता, खुशी व चांदनी को तृतीय स्थान पर चयनित किया गया. इंटर स्तर पर फैयाज को प्रथम, इमरान, मुस्कान व माहेनूर को द्वितीय और रौनक, शहजादी, यास्मीन व इशरत को तृतीय स्थान पर चुना गया. वहीं स्नातक स्तर पर मो दय्यान अली को प्रथम, सबा, आसिफ व उम्मे हबीबा को द्वितीय और फिजा, अरमान, शाइस्ता व बुशरा को तृतीय स्थान पर चयनित किया गया. सभी विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया. अलग समारोह आयोजित कर सभी विजेताओं को नगद पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा. निर्णायक की भूमिका प्राचार्य सैयद अख्तर हसन जमाल, हाफिज मो शारिफ तथा शगुफ्ता परवीन ने निभाया. संचालन नदीम अहमद ने किया. मौके पर नबी अहमद, आफताब आलम, शेफारत हुसैन, जहांगीर आलम मुन्ना, यूडीसी मो ज्याउल हक, हारुन रशीद, सैफुर रहमान, अबुल जैश आदि उपस्थित थे।

## दो अक्टूबर को सारण से पच्चीस हजार जन सुराजी कार्यकर्ता जाएगें पटना, तैयारी को लेकर हुई बैठक

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** अगामी 2 अक्टूबर को पार्टी गठन को लेकर पटना में आयोजित जन सुराज की रैली मे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की तैयारी हेतु जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष बच्चा राय की अध्यक्षता मे बैठक आयोजित की गई. बैठक में मुख्य रूप से सारण के सभी बीसो प्रखंड में पांच सदस्यीय तैयारी समिति का गठन किया गया. जो प्रखंड स्तर पर सभी पंचायतो से अधिक से अधिक संख्या में जन सुराजी साथियों को पटना मे आयोजित कार्यक्रम मे शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया जाये. वही




बैठक मे निर्णय लिया गया कि इसकी तैयारी को लेकर जन सुराज के सभी अनुमंडल कार्यालय में एक-एक समीक्षा बैठक आयोजित कर तैयारी की अंतिम रूप रेखा बनायी जाये. मालूम हो कि जन सुराज एक राजनीतिक दल दो अक्टूबर को बनने जा रहा है ज़ो पटना मे एक बड़ी आयोजन जिसमे लाखो की संख्या मे जन सुराज के संस्थापक सदस्य शामिल होगे. बैठक मे सभी नेता व कार्यकर्ताओ ने अपना अपना विचार व्यक्त किया. मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने बताया कि दो अक्टूबर को जिला से पच्चीस हजार जन सुराजी कार्यकर्ता पटना के लिए प्रस्थान करेगे. जिसकी तैयारी को लेकर जिला कार्यालय मे बैठक आयोजित की गयी थीइस मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष बच्चा राय, संगठन महासचिव श्रवण महतो, अभियान समिति संयोजक प्रियरंजन सिंह युवराज, महिला जिलाध्यक्ष अमिता सहनी, मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ, वरिष्ठ नेता मुन्ना भवानी, राम पुकार मेहता, अभय सिंह, कन्हैया सिंह, कविता सिंह, पुष्पा सिंह, उषा देवी, खुर्शीद नैयर, आनंद मोहन सिंह, संतोष पटेल, पुलिस राय, संतोष सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहे.

## स्वच्छता को ले कौशल विकास केंद्र की छात्राओं ने मेहंदी रचाई

दैनिक खोज खबर/लहलादपुर( सारण )।स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के तहत जनता बाजार स्थित कौशल विकास केंद्र में स्वच्छता विषय पर संवाद किया गया। संवाद कार्यक्रम से प्रेरित हो कर कौशल विकास केंद्र की छात्राओं ने हाथों में मेहंदी रचाई। लड़कियों ने हाथों में मेहंदी रचाया व उसी के माध्यम से स्वच्छता का नारा दिया। छात्राओं ने हाथों में रची मेहंदी में गांधी जी का चश्मा बनाया तो किसी ने अपने हाथों में मेहंदी से स्वच्छता ही लिख दिया। ग्रामीणों को जागरुक करने के उदेश्य से




कौशल विकास की छात्राओं, शिक्षकों व अफसरों ने पूरे क्षेत्र में जागरुकता अभियान चलाया। पूरे जागरुकता अभियान का नेतृत्व बीडीओ नीलेश कुमार ने किया। बीडीओ ने ग्रामीणों को बताया की स्वच्छ रहने के कई फायदे है। जिस तरह से हम अपने घर के भीतर सफाई रखते है उसी तरह से बाहर भी रखे तो पूरे क्षेत्र में सफाई दिखने लगेगी। स्वच्छता अभियान के प्रखण्ड समन्वयक मो. वसीम खान ने बताया की स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के तहत दो अक्टूबर तक हरेक दिन अभियान चलेगा। इस जागरुकता अभियान के लिये हर दिन के लिये थीम बनाया गया है। मौके स्वच्छता पर्यवेक्षक धर्मेंद्र साह, जयप्रकाश गुप्ता, कौशलेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

## भगवती नगर और बहेरवा बाजार में महावीर मेला के दौरान शौर्य प्रदर्शन



**दैनिक खोज खबर/पंचदेवरी(गोपालगंज)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के बहेरवा और भगवती नगर बाजार में बुधवार की देर शाम तक शांतिपूर्ण ढंग से मेला संपन्न हुआ । मेला के दौरान युवाओं ने शौर्य प्रदर्शन और सुन्दर - सुन्दर झांकी का आयोजन किया । मेला में कोई अप्रिय घटना ना हो इसके लिए स्थानीय प्रशासन चुस्त दुरुस्त दिखाई दिया । कटेया थाना प्रभारी अभिषेक कुमार , पंचदेवरी क्रिकेट प्रभारी राजेश कुमार , पंचदेवरी बीडीओ राहुल रंजन , सीओ तरुण कुमार रंजन , कृषि समन्वयक सुमन दुबे , हरिभूषण कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मेला के दौरान मौजूद रहे । भगवती नगर बाजार में नंदपट्टी , रूपी बगही और इंद्रपट्टी गांव से आखाड़ा का आयोजन हुआ था , गांव से हनुमान जी की प्रतिमा के साथ सुंदर झांकी की प्रस्तुति की गई , जिसको लोगों ने खूब सराहा । नंदपट्टी गांव के युवाओं ने अपने शौर्य प्रदर्शन से लोगों को खूब मोहित किया । स्थानीय प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को दो जगह पर महाबीरी मेला का आयोजन था , जो देर शाम तक चला , दोनों जगहो पर स्थानीय प्रशासन के सतर्क रहने से मेला शांतिपूर्ण संपन्न हो गया । मेला के दौरान कोई अप्रिय घटना ना हो इसके लिए प्रत्येक अखाड़ा में पुलिस बल व स्थानीय चौकीदार तथा मजिस्ट्रेट की व्यवस्था की गई थी ।



## 7 करोड़ 45 लाख की लागत से बनी पंचदेवरी स्वास्थ्य केंद्र का स्वास्थ्य मंत्री ने किया उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/पंचदेवरी(गोपालगंज)।** 7 करोड़ 45 लाख की लागत से बनी पंचदेवरी स्वास्थ्य केंद्र का स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने गुरुवार को किया उद्घाटन । स्वास्थ्य केंद के उद्घाटन के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने बताया कि यह स्वास्थ्य केंद्र 30 वेडो का होगा , इसमें अत्याधुनिक सारी सुविधाएं उपलब्ध होगी , इस स्वास्थ्य केंद में रोस्टर के हिसाब से डॉक्टरों की बहाली भी की जाएगी । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के मंत्री जनक राम ने अपनी सरकार की उपलब्धि गिनाते हुए कहां कि वर्तमान सरकार जनता के हित में लगातार विकास का काम किया जा रहा है , 2025 के विधानसभा चुनाव में यह सरकार फिर से बहुमत हासिल करेगी । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय एमएलसी राजीव कुमार उर्फ गप्पू राय ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया । कार्यक्रम के दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष संदीप गिरी उर्फ मंटू गिरी जगदंबा राम , रवि प्रकाश मणि त्रिपाठी, उमेश प्रधान सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया । मौके पर जिला चिकित्सा प्रभारी वीरेंद्र प्रसाद , पंचदेवरी स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी रंजीत कुमार , प्रबंधक कुमार गौरव , जीपीएम धीरज कुमार दास , नवीन कुमार , खुशबू कुमारी , पंचदेवरी बीडीओ राहुल रंजन , स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व प्रमुख वीरेंद्र मद्धेशिया , भाजपा नेता दीपक बरनवाल , पूर्व मुखिया दुर्गेश कुशवाहा सहित तमाम नेता और सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे !



## चोरी की बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

**परवेज अख्तर /सिवान।** जीबी नगर थाना पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ तीन चोर को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जीबी नगर थाना इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि दीनदयालपुर गांव में चोरी की बाइक के साथ तीन चोर खड़े हैं, जो बाइक बेचने की बात कर रहे हैं। इसके बाद टीम बनाकर छापेमारी की गई तो तीनों भागने लगे। जहां जवानों के सहयोग से उन्हें पकड़ लिया गया। तीनो से पूछताछ की गई तो बाइक के संबंध में असंतोषजनक जवाब पाया गया। इसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। जहां बाइक के संबंध में जांच की गई तो बरामद की गई तीनों बाइक चोरी की निकली। गिरफ्तार तीनों चोरों की पहचान थाना क्षेत्र के दीनदयाल पुर निवासी कुंदन शाह, समीर उर्फ साजन और जीरादेई थाना क्षेत्र के मुईया गांव निवासी अंकित के रूप में हुई। तीनों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

## अभियान के तीसरे दिन मानव कड़ी बना लोगों को किया जागरूक

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** वाराणसी मंडल के सिवान जंक्शन पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गुरुवार को मानव कड़ी बनाकर स्थानीय लोगों बीच यह संदेश दिया गया कि कोई भी काम हम सभी मिलकर करें तो असंभव काम भी संभव हो जाता है। इस दौरान आम लोगों से स्वच्छता के प्रति मिलकर काम करें और देश को स्वच्छ और सुंदर बनाएं। इसी कड़ी के साथ साइक्लोथान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मामले में हेल्थ इंस्पेक्टर राधेश्याम रमन ने बताया कि फिट हाय तो हिट हाय इंडिया का नारा दे कर जन मानस के बीच संदेश दिया गया कि साइकिल चलाए जीवन को स्वास्थ्य और सुंदर बनाए। स्वच्छता कैंपेन चला कर लोगों को जागृत करते हुए स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। उसमें यात्रियों को कूड़ा कूड़ेदान में ही डालने के लिए बताया गया और जागरूक किया गया। गीला कचरा हरा रंग के डस्टबिन में डालें और सूखा कचरा ब्लू कलर के डस्टबिन में डालें तथा हजार्ड वेस्ट को येलो कलर के डस्टबिन में डालें। इसके साथ ही यात्रियों से अनुरोध किया गया कि हर व्यक्ति एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं। इससे बढ़ाते हुए तापमान एवं जलवायु परिवर्तन को रोकने में हम लोग अपना योगदान दे पाएंगे। अपने घर के आस-पास सड़क के किनारे ,खाली जगह में एक पेड़ अपने मां के नाम जरूर लगाए। साथ ही सामूहिक मेगा श्रमदान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित टीसी निशा कुमारी, सुपरवाइजर अभिनंदन कुमार, दीपू कुमार यादव, अजय एवं समस्त रेल कर्मचारी और हाउसकीपिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

## सिवान में हथियार साफ करने के दौरान हरियांस के युवक को लगी गोली

**परवेज अख्तर /सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के आंदर ढाला ओवर ब्रिज के नीचे हथियार साफ करने के दौरान एक युवक को गोली लग गई।जिससे वह सदीद तौर पर जख्मी हो गया।आनन-फानन में घायल युवक को प्राथमिक उपचार के लिए सिवान सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रंजन ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया।घटना की सूचना सीवान सदर एसडीपीओ अजय सिंह को मिली जिसके बाद उन्होंने तुरंत ही इस मामलें की सूचना नगर थाने को दी।घायल युवक हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हरियांस के नून नगर कुड़हा निवासी रुस्तम अली बताया जा रहा है जो 18 साल का है।घायल रुस्तम अली जो मोहम्मद अलाउद्दीन का बेटा है और घायल युवक टेंपो चालक बताया जा रहा है।इस संबंध में घायल युवक रुस्तम अली ने बताया कि मेरे ही गांव केमोक़ैफ अवैध हथियार साफ कर रहा था की इसी दौरान उसके अवैध हथियार से गोली फायर हो गई जो मुझे लग गई।। जिससे मैं सदीद तौर पर जख्मी हो गया।यहां बताते चले की घायल युवक को लेकर जिसके अवैध हथियार से गोली लग लगी है वह भी अस्पताल में आया हुआ था।जिसे नगर थाना पुलिस ने हिरासत में लेकर अपने साथ लेकर चली गई।उसने अपना दोष भी स्वीकार किया है कि मेरे ही अवैध हथियार से फायरिंग हो गई है। जिससे वह जख्मी हो गया है।मोहम्मद कैफ को नगर थाने की पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## लल्लू हत्याकांड के दो हत्यारोपित समेत शूटर गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/ सिवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के कुतुब छपरा में नौ सितंबर की सुबह करीब 10 बजे बाइक सवार तीन बदमाशों ने जमीन कारोबारी गोपालपुर निवासी मोहम्मद तकी उर्फ लल्लू की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतक की पत्नी जेबा फातिमा ने नौ लोगों पर साजिश के तहत पति की हत्या करने व कराने की प्राथमिकी कराई थी। पुलिस ने घटना के 10वें दिन बुधवार की रात गुप्त सूचना पर गोपालपुर गांव में छापेमारी कर संतोष यादव के बथान से इस हत्याकांड के दो आरोपित समेत एक शूटर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच के दौरान गिरफ्तार बदमाशों के पास से हत्या में प्रयुक्त अपाची बाइक, एक हंटर बाइक, दो पिस्टल, चार जिंदा गोली एवं तीन मोबाइल बरामद की गई है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान गोपालपुर निवासी संतोष यादव तथा कुतुब छपरा निवासी सनाउल्लाह उर्फ मोहम्मद धनु एवं शूटर नंदकिशोर यादव उर्फ नन्नू शामिल हैं। तीनों को पूछताछ के बाद गुरुवार को जेल भेज दिया गया।थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि बुधवार की रात गुप्त सूचना मिली कि कुछ बदमाश गोपालपुर में संतोष यादव के बथान में एकत्रित हुए हैं। तभी पुलिस वहां छापेमारी कर दी। इस दौरान आरोपित गोपालपुर निवासी संतोष यादव, कुतुब छपरा निवासी सनाउल्लाह उर्फ मोहम्मद धनु एवं नंदकिशोर यादव उर्फ नन्नू को गिरफ्तार कर लिया जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर तीन अभियुक्त भागने में सफल रहे।

**घर में घुस मारपीट करने का आरोपः भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सोंधानी निवासी भुनेश्वर महतो की पत्नी रंभा देवी ने बुधवार को थाना में आवेदन देकर गांव के ही भोला महतो उर्फ राज किशोर महतो पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

## पुत्र के गायब होने की प्राथमिकी

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के हबीबनगर हाता निवासी भगराशन चौधरी ने 10 सितंबर को थाना में आवेदन देकर पुत्र के गायब होने की प्राथमिकी कराई है। उसने आवेदन में कहा है कि मेरा 13 वर्षीय पुत्र प्रेम कुमार साइकिल से विद्यालय पढ़ने गया था। जब घर नहीं लौटा तो विद्यालय पहुंच शिक्षकों से पूछताछ की तो पता चला कि वह विद्यालय नहीं पहुंचा था। दो दिन पूर्व वह घर से एक हजार रुपये भी लिया था। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि प्राथमिकी कर छात्र की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।

## वाहन जांच के दौरान किया एक लाख 31 हजार का जुर्माना

**सिवान।** पुलिस मुख्यालय के आदेश के पर शहर में जगह-जगह सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। यातायात थानाध्यक्ष के नेतृत्व में अस्पताल रोड, पकड़ी मोड़, बबुनिया मोड़, पी देवी मोड़, डीएवी मोड़ सहित अन्य जगहों पर वाहनों की जांच हुई। यातायात नियम का उल्लंघन कर रहे वाहन चालकों को चालान किया गया। इसमें 45 दो पहिया और 24 चार पहिया वाहन चालकों से एक लाख 31 हजार रुपए का जुर्माना किया गया।

## मारपीट मामले में दोनों पक्ष ने कराई प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी विनोद राम की पत्नी रूबी देवी ने बुधवार को थाना में आवेदन देकर गांव के ही अखिलेश कुशवाहा, आदर्श कुमार, शेखर कुमार सहित पांच लोगों पर मारपीट व गाली गलौज करने का आरोप लगा प्राथमिकी कराई है। वहीं दूसरे पक्ष के अखिलेश कुशवाहा की पत्नी विमल देवी ने गुरुवार को थाना में आवेदन देकर गांव के ही विनोद राम, रितेश राम, उमेश राम सहित आठ लोगों पर मारपीट करने के विरुद्ध मारपीट करने का आरोप लगाया है।

## स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए जीविका दीदियों के साथ बैठक संपन्न

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** लोहिया स्वच्छता अभियान को लेकर संस्कृत विद्यालय रसूलपुर के प्रांगण में गुरुवार को जीविका महिला ग्राम संगठन दीदियों के साथ स्वच्छताग्राहीयों की बैठक आयोजित की गयी, बैठक के माध्यम से साफ-सफाई व स्वच्छता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी, जिसमें पंचायत के सभी वार्डों में साफ-सफाई आदि के बारे में जानकारी उपलब्ध कराया गया साथ हीं साथ यूजर्स चार्ज के बारे में भी जानकारी दी गयी।मौके पर स्वच्छताग्राही अजीत कुमार दुबे, अमित कुमार दुबे, तारकेश्वर ठाकुर, गोविंद, शिवदास, मुकेश, महाबीर, राम, अनुज कुमार, जीविका देवकी पांडेय, पूजा कुमारी, आदि ने भाग लिया और उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलायी।



## करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** थाना क्षेत्र के दफ्दरपुर निवासी 50 वर्षीय सच्चिदानंद सिंह उर्फ मुन्ना सिंह की मौत करंट लगने से हो गई है। जानकारी के अनुसार सच्चिदानंद सिंह उर्फ मुन्ना सिंह मेहरौली चौक स्थित अपने आटा चक्की में लगे चापाकल पर स्नान करने के लिए गए थे। चापाकल में बिजली का अर्थिंग का तार जुड़ा हुआ था। जैसे ही वे स्नान करने के लिए चापाकल चलाना शुरू किए कि वे बिजली के चपेट में आ गए। जिससे वे वहीं गिर गये। आटा चक्की में स्थित लोगों ने जब शोर मचाया तो लोगों की भीड़ जुटी। जिसकी सूचना डोरीगंज पुलिस को दी गई। जिसके बाद उन्हें स्थानीय चिकित्सक से दिखाया गया। स्थानीय चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव को उनके परिजनों को अंतिम दाह संस्कार के लिए दे दिया गया। मृतक के दो बेटे और तीन बेटियां हैं।

## भूमि विवाद में दो अलग-अलग जगह पर मारपीट, पांच घायल

**सिवान।** भूमि विवाद में गुरुवार की देर शाम दो अलग-अलग जगहों पर मारपीट में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज हुआ। पहला मामला सराय थाना क्षेत्र के उखई पूरब पट्टी गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष में मारपीट हो गई। उसमें एक पक्ष के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सुरेंद्र शाह और अवध किशोर शाह शामिल हैं। घायल सुरेंद्र साह ने बताया कि पूर्व से भूमि का विवाद चल रहा था । जहां गुरुवार की संध्या एक साजिश के तहत मारपीट कर हम दोनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। वहीं दूसरी घटना लकड़ी नवीगंज थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव की है, जहां भाई-भाई के बंटवारे को लेकर मारपीट हो गई। उसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सुनील कुमार, ललिता देवी और रेशमा कुमारी शामिल हैं। घटना के संबंध में घायल ललिता देवी ने बताया कि मेरे ही भसुर द्वारा मुझे पिटाई की जा रही थी। जहां सुनील छुड़ाने के लिए आए जहां उन्हें भी वे लोग मारने पीटने लगे।